हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹112910/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹137900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹150531/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

CBC 22201/13/0006/2627

अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan

13.9+ लाख महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर से मिला सहारा

99+ लाख महिलाओं को 181 हेल्पलाइन से मिली मदद

1.6+ लाख संस्थानों में SHe-Box से सुरक्षित माहौल

इन्हें भी रखिए याद.... जंग में खोए अंग, कोई बिना पैर, कोई बिना हाथ और कोई बिना आंखों के जी रहा जिंदादिली से जिंदगी

1 भाग

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी

लड़ाई में अंग-भंग हुए, नक्सलवाद खत्म हुआ तो मिला शूरवीरों को सुकून

पैर खोया, हौसला नहीं, सबसे बड़ी खुशी हमारा बस्तर नक्सलमुक्त हो गया

नक्सलवाद के खिलाफ डेडलाइन खत्म हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद नाम का बचा है। नक्सलवाद के खिलाफ हजारों जवानों ने शहादत दी। हरिभूमि ने उनका सम्मान और उनकी शहादत को नमन किया। शहीदों की कहानियां पाठकों तक पहुंचाईं। अब हमारा नमन उन 'जीवित नायकों' को है जो विकलांगता के घावों को पदक की तरह सीने पर सजाए, जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। ये केवल घायल सिपाही नहीं, बस्तर की शांति के वो स्तंभ हैं जिन्होंने अपना वर्तमान देश के भविष्य के लिए होम कर दिया। प्रणामः उन वीर जवानों को जो शहीद तो नहीं हुए, पर जंग ने जिनसे उनके हाथ, पैर या आंखों की रोशनी छीन ली। ऐसे वीर जवान एक..दो...या सौ -दो सौ नहीं हैं। 2000 से अधिक जवानों ने जंग की भारी कीमत चुकाई है। जिनके शरीर पर बारूद के गहरे निशान हैं। किसी का पैर धमाके में उड़ गया, तो किसी की आंखों के आगे हमेशा के लिए अंधेरा छा गया। आज से हरिभूमि आज उन गुमनाम और जीवित नायकों की गाथा सामने ला रहा है, जिन्होंने अंग खोकर भी हारना नहीं सीखा। कोई कृत्रिम पैरों के सहारे तिरंगा थामे खड़ा है, तो कोई एक हाथ से समाज की सेवा कर रहा है। इन जांबाजों का हर घाव बस्तर में लौटती शांति की एक नई इबारत लिख रहा है।

हरिभूमि का सबको नमन ...

नक्सलवाद के खिलाफ दो हजार से ज्यादा जवानों ने चुकाई भारी कीमत

बस्तर संभाग में शांति, सुरक्षा और विकास की स्थापना का संघर्ष कई दशकों से जारी रहा है। नक्सलमुक्त देश के सपने का साकार करने कठिन संघर्ष में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने एक ओर जहां अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान का परिचय दिया जिसमें कुछ वीर अमर हो गए वहीं कुछ ऐसे गुमनाम सिपाही भी हैं जो घायल होकर भी डटे रहे। शहादत और साहस की इस विरासत ने ही बस्तर में शांति की राह बनाई है। शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा यही बस्तर की असली प्रेरणा है जिन्होंने प्राण दिए और जो घाव सहकर भी डटे रहे वही बस्तर की शांति के सबसे मजबूत प्रहरी हैं।

हरिभूमि खास

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हम बात कर रहे हैं डीआरजी के एक ऐसे जाबांज कमाण्डो की जिसने ब्लास्ट में अपना एक पैर खो दिया, लेकिन इसे कमजोरी बनने नहीं दिया बल्कि अपनी ताकत में बदल दिया। मंगलवार 16 जुलाई 2024 की वह दोपहर वह आज तक भूल नहीं पाए जब नक्सल ऑपरेशन के दौरान तीन नक्सलियों को विस्फोटक के साथ पकड़कर वापस लौट रहे थे तभी गंगालूर थाना क्षेत्र के अरण्डी के करीब पहाड़ में आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें उसने अपना एक पैर खो दिया। यह वाकया सुनाते हुए किशन की ▶▶|शेष पेज 7 पर



कृषक परिवार में जन्मे किशन

बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे तुमनार में 15 मार्च 1998 को एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे किशन हपका के परिवार में तीन भाई एवं चार बहनें हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके परिवार ने उन्हें मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के ऊंचे संस्कार दिए, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। 2021 में उनका चयन पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर हुआ। प्रशिक्षण के बाद वे डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में पदस्थ होकर महत्वपूर्ण नक्सल विरोधी अभियानों का हिस्सा बने।

1416 ने वीरगति प्राप्त की, 2055 सुरक्षा कर्मी हुए घायल

आकंड़ों की बात करें तो बस्तर रेंज में वर्ष 1988 से 5 अप्रैल 2026 तक माओवादी घटनाओं के दौरान 1416 सुरक्षा कर्मियों ने वीरगति प्राप्त की जबकि 2055 सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए। यह आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं बल्कि उन वीरों की कहानियां हैं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और क्षेत्र के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रत्येक शहादत इस संघर्ष की गंभीरता और सुरक्षा बलों की अदम्य भावना को दशार्ती है। इन शहीद जवानों के बलिदान व घायल जवानों के कारण ही आज बस्तर में शांति और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं।

खबर संक्षेप

अक्षय कुमार शूटिंग के दौरान हुए चोटिल



मुंबई। आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' के निर्माताओं ने शूटिंग के वक्त का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म के सेट पर स्टंट के दौरान चोटिल नजर आ रहे हैं। इस छोटे से वीडियो क्लिप में, कुमार हवा में जंप किक मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ जाता है और वह गिर जाते हैं।

शेयर बाजार निवेश के नाम पर 12 करोड़ की ठगी

पुणे। पुणे के एक डॉक्टर से ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफे का झांसा देकर 12.31 करोड़ रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने बताया कि जालसाजों ने उन्हें कई निवेश करने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया। पुलिस के अनुसार, जनवरी के अंतिम सप्ताह में 75 वर्षीय व्यक्ति को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कुछ शेयरों की सूची और एक लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ित एक 'व्हाट्सऐप ग्रुप' में जुड़ गए।

ईरान ने दी चेतावनी

इजरायल बोला- सीजफायर केवल ईरान तक सीमित

लेबनान पर इजरायली हमलों ने अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम समझौते को नाजुक दौर में पहुंचा दिया है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में वार्ता जारी है, लेकिन ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर लेबनान पर हमले जारी रहे तो यह संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन होगा और ऐसी स्थिति में कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरान ने होर्मुज बंद कर दिया है। इधर, इजरायली सेना ने साफ कहा कि यह सीजफायर केवल ईरान तक सीमित है। लेबनान और बेरूत इसमें शामिल नहीं हैं।

सीजफायर के बाद लेबनान पर हमले होर्मुज बंद, युद्ध विराम पर संकट!

एजेंसी ▶▶| तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से दो हफ्ते का सीजफायर घोषित हुए सिर्फ एक दिन बीता था कि इजरायल ने लेबनान पर भारी हमले शुरू कर दिए। 8 अप्रैल 2026 को तेल अवीव ने सिर्फ 10 मिनट में 160 बम गिराए। 100 अलग-

इजरायल ने लेबनान पर 10 मिनट में 160 बम गिराए

अलग टारगेट को निशाना बनाया। ईरान ने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर बंद कर दिया, जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है। अमेरिका ने जलडमरूमध्य को तत्काल खोलने की मांग की है और शांति वार्ता को पटरी पर बनाए रखने की कोशिश की है। अमेरिका और ईरान दोनों ने समझौते को अपनी-अपनी जीत बताया है, वहीं क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमले जारी हैं। इस बीच, इजराइल ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

ट्रंप का छक्का बदला

ट्रंप ने शुरू में पाकिस्तान के बयान को स्वीकार करते हुए सीजफायर की घोषणा की, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्होंने अपना रुख साफ कर दिया कि लेबनान समझौते का हिस्सा नहीं है। कई विश्लेषक इसे "वादे से पलटना" मान रहे हैं। वहीं ट्रंप का तर्क है कि ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की लड़ाई अलग मुद्दा है और अमेरिका-ईरान सीजफायर उससे ताल्लुक नहीं रखता। हालांकि ईरान का कहना है कि क्षेत्रीय शांति के बिना सीजफायर अधूरा है।

बिफरा ईरान कहा- समझौते में लेबनान भी

ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि लेबनान को अमेरिका के साथ हुए किसी भी संघर्षविराम समझौते से अलग नहीं रखा जा सकता। ईरान ने साफ संकेत दिया है कि क्षेत्र में कोई भी दीर्घकालिक शांति समझौता तभी संभव होगा जब लेबनान को भी उसमें शामिल किया जाए। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि इस मुद्दे पर न तो इनकार की गुंजाइश है और न ही पीछे हटने की।

होर्मुज का जारी किया मैप बारूदी सुरंगों के संकेत

ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों के प्रकाशित एक चार्ट से संकेत मिलता है कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। यह रिपोर्ट आईएसएनए समाचार एजेंसी और तस्नीम से आई, जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड की करीबी माना जाता है।

अब आगे क्या?

इस्लामाबाद वार्ता 10 अप्रैल से पाकिस्तान में शुरू होनी है। यह हफ्ते के सीजफायर को स्थायी बनाने का मौका है, लेकिन लेबनान का मुद्दा सबसे बड़ा रोड़ा है। क्योंकि तेहरान ने साफ कर दिया है कि अगर लेबनान पर हमले जारी रहे तो ईरान सीजफायर तोड़ सकता है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

सीएम साय बोले- युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं

बिलासपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मिडिल ईस्ट की परिस्थिति और युद्धविराम के संबंध में कहा कि युद्ध होना नहीं चाहिए, क्योंकि युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता है। मुख्यमंत्री ने असम में विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि वहां भाजपा फिर से सरकार बनाएगी। साय गुरुवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भाजपा नेता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के परसदा स्थित आवास में तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध होना ही नहीं चाहिए। उनका कहना है कि हर हाल में संवाद ही रास्ता होना चाहिए।

पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

ओडिशा से मुंबई जा रहा डेढ़ करोड़ रुपए का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सिंघोड़ा क्षेत्र में इस कार्रवाई में पुलिस ने एक ट्रक से तीन के क्विंटल 12 किलो 590 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 56 लाख 34 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक ट्रक क्रमांक केए 13 डी 7710 में भारी मात्रा ▶▶|शेष पेज 7 पर

1.71 करोड़ की संपत्ति जब्त

पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई में गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल किए गए ट्रक कीमत 15 लाख, एक लग्जरी कार और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत 1 करोड़ 71 लाख 42 हजार 500 रुपए है। सिंघोड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

12 घंटे के भीतर मास्टरमाइंड गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। अगले 12 घंटों के भीतर पुलिस ने ओडिशा के बरहमपुर से तीन अन्य मुख्य खरीदारों और मददगारों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए इन आरोपियों में जिया उल हक बालाघाट, म.प्र., नदीम अंसारी शामली, उ.प्र. और सुखविंदर उर्फ बुलबुल जम्मू शामिल हैं। ये तीनों आरोपी एक टोयोटा अर्बन क्रूजर कार में सवार थे।

10-20 और 50 के नोट लेकर जा रहा था युवक, 1000 रुपए की गड्डी पर 100 रुपए कमीशन

छोटे नोटों का बड़ा धंधा, सूटकेस में भरकर कटनी जा रहा युवक धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

ट्रेन में चेकिंग होने की खबर मिलते ही एक युवक जंगल के छोटे स्टेशन में उतर गया। इसी दौरान अपराधी की तलाश में भटक रही पुलिस की नजर स्टेशन के बाहर उक्त युवक पर पड़ गई, पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर सूटकेस व बैग खोलकर देखा तो उनमें नोटों की गड्डियां भरी मिलीं। पुलिस को युवक के पास से 17 लाख 90 हजार रुपए मिले हैं। युवक से रुपए के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 6 अप्रैल को



आमागोहन निवासी कल्पना तिवारी के साथ नकाबपोश युवक ने सोने की चेन लूटने की कोशिश की थी। उक्त मामले के आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टेंगनमाड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर एक युवक दो सूटकेस, एक पिट्ठू बैग लेकर खड़ा हुआ था। संदेह होने पर वे स्टाफ के साथ ▶▶|शेष पेज 7 पर

कमीशन में छोटे नोट लेकर जा रहा था

प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया, वह कटनी के व्यापारियों के लिए शहर के बैंक व अलग अलग लोगों से छोटे नोट की गड्डी एकत्रित कर कटनी छोड़ने जा रहा था। 1000 रुपए के एवज में उसे व्यापारी 100 रुपए कमिशन देते हैं। व्यापारी उक्त नए नोटों की माला बनाकर शादी ब्याह के लिए बेचते हैं।

नीति तैयार, कैबिनेट में आएगा मामला, 42 लाख घरों को पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य

छत्तीसगढ़ में सिटी गैस पाइपलाइन, घर-घर पहुंचेगी रसोई गैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रसोई गैस व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) योजना के तहत अब पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक गैस पहुंचाने की तैयारी तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव ने कुछ समय पहले इस परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को काम में तेजी लाने और सभी आवश्यक अनुमतियां समय पर देने के निर्देश दिए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों की ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

इस तरह से घर घर पहुंचेगी गैस

योजना के तहत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) को सीधे घरों तक पाइपलाइन के जरिए पहुंचाया जाएगा। इसके लिए शहरों में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विकसित किया जा रहा है, जो मुख्य ट्रांसपोर्ट पाइपलाइन से जुड़कर कॉलोनियों और घरों तक गैस सप्लाई करेगा। घरेलू कनेक्शन में मीटर, प्रेशर रेगुलेटर और पाइपलाइन के जरिए सीधे किचन तक गैस पहुंचेगी, जिससे सिलेंडर की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाएगी।

सात भौगोलिक क्षेत्र 42 लाख घरों में पहुंचेगी

राज्य में इस योजना को 7 भौगोलिक क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक करीब 42 लाख घरों को पीएनजी कनेक्शन देने और 1100 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इससे परिवहन क्षेत्र में भी स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा मिलेगा।

सीएस कर चुके हैं उच्च स्तरीय समीक्षा

राज्य में मार्च में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीजीडी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद 25 मार्च 2026 को जारी निर्देशों में साफ कहा गया है कि सिटी गैस नेटवर्क को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। सीजीडी परियोजनाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए अनुमति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया ▶▶|शेष पेज 7 पर

30 प्रतिशत सस्ती

प्राकृतिक गैस को एलपीजी की तुलना में सस्ता, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है। बताया गया है कि यह गैस एलपीजी से 30 प्रतिशत सस्ती होगी पाइपलाइन से गैस की निर्बाध आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहेगी, वहीं मीटर आधारित बिलिंग से पारदर्शिता भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि सीजीडी नेटवर्क के विस्तार से छत्तीसगढ़ में शहरी जीवन आसान होगा, उद्योगों को सस्ता ईंधन मिलेगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी। आने वाले समय में यह योजना राज्य की ऊर्जा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली साबित हो सकती है।

बंगाल में सियासी भूचाल!

'हुमायूं कबीर और भाजपा में 1000 करोड़ की डील'

वीडियो वायरल, टीएमसी ने की ईडी जांच की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सियासत में हलचल मच गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने हुमायूं कबीर से जुड़ा एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो जारी किया है। पार्टी का दावा है कि इस वीडियो में कबीर और बीजेपी के बड़े नेताओं के बीच करोड़ों रुपये की डील की बातचीत सामने आई है।

टीएमसी ने इस पूरे मामले की जांच की मांग भी उठाई है। टीएमसी के मुताबिक, जारी किए गए वीडियो में हुमायूं कबीर कथित तौर पर 1000 करोड़ रुपये की डील की बात करते नजर आ रहे हैं, जिसमें 300 करोड़ रुपये एडवांस देने का भी जिक्र किया गया है। पार्टी का आरोप है कि इस कथित डील में बीजेपी के कई बड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं। इनमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, पश्चिम बंगाल के नेता शुभेंदु अधिकारी और पीएमओ का भी जिक्र किया गया है। इस मामले को लेकर टीएमसी नेताओं फिरहाद हकीम, अरूप बिस्वास और कुणाल घोष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे 'बड़ा खुलासा' किया। उन्होंने कहा कि यह वीडियो बेहद गंभीर है और इससे बड़े राजनीतिक गठजोड़ की साजिश का संकेत मिलता है।

एक बड़ा सियासी खेल

टीएमसी ने इस पूरे मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि इतने बड़े वित्तीय लेन-देन के आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। टीएमसी ने इसे पश्चिम बंगाल चुनाव से जुड़ी साजिश बताया है और दावा किया है कि यह एक बड़ा राजनीतिक खेल है। इस खुलासे के बाद राज्य की राजनीति में तनाव और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

लोकतंत्र का त्यौहार

असम, केरलम, पुडुचेरी में गुरुवार को मतदान



नई दिल्ली। देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छिटपुट हिंसा के बीच मतदान संपन्न हो गया। तीनों राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ है, जो सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरलम में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% वोटिंग हुई। असम में सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। इनके अलावा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, कांग्रेस नेता तरूण गोगई, अगपा प्रमुख अतुल बोरा, केरलम में मंत्री जार्ज कुरियन, सुरेश गोपि, पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी, शशि थरूर, फिल्म अभिनेता मोहनलाल, पुडुचेरी में नेता प्रतिपक्ष आर शिवा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया।

पोलिंग बूथ पर रोबोट

पुडुचेरी में तकनीक और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिला। भारत निर्वाचन आयोग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि पुडुचेरी में साड़ी पहने 'नीला' नाम का वेलकम रोबोट इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के प्रतिनिधियों का स्वागत कर रहा है।

हर तरह की गुंडागर्दी का लिया जाएगा हिसाब : मोदी

आसनसोल की चुनावी सभा को किया संबोधित

घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया

पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद इलाके की एक-एक समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल को छह गारंटी दी। पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि '4 मई के बाद बंगाल में कानून का राज स्थापित होगा। हर तरह की गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा, एक-एक करके जवाबदेही तय होगी।' उनके इस बयान को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सीधा हमला माना जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने हाल के चर्चित मामलों का जिक्र करते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आरजी कर जैसे घटनाक्रम और संदेशखाली की घटना यह दिखाती है कि टीएमसी सरकार कैसे दुष्कर्मियों के साथ खड़ी नजर आती है। उन्होंने दावा किया कि यही वजह है कि राज्य में महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ी है और एसिड अटैक के मामलों में भी इजाफा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि 'बंगाल में घुसपैठ सबसे बड़ी समस्या है। घुसपैठिए यहां जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और जनसांख्यिकी में बदलाव हो रहा है।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर लोगों को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जाती और कहीं-कहीं दुर्गा पूजा भी नहीं करने दी जाती.इसके पीछे टीएमसी का हाथ है। पहले लाल झंडे के दौर में हिंदू नरसंहार के आरोप लगे थे, अब टीएमसी वही काम कर रही है।

भाजपा ने सत्ता हथियाने 90 लाख नाम हटाए : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'आपने बंगाल में सत्ता हथियाने के लिए 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन चुनाव हम ही जीतेंगे।' उनकी यह टिप्पणी राज्य में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में आई।

बंगाल सीएम ने लगाया आरोप, ईसी पर साधा निशाना

खबर संक्षेप

सुनेत्रा पवार की राह आसान, कांग्रेस ने वापस लिया नामांकन

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस ने इस सीट से अपना उम्मीदवार वापस लेने का फैसला किया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने नामांकन की अंतिम तिथि से ठीक पहले अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके साथ ही कांग्रेस इस उपचुनाव की दौड़ से बाहर हो गई है। हालांकि, सुनेत्रा पवार के सामने अब भी 20 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं।

अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया कि जैसे अतीक अहमद को मारा गया था, वैसे ही उन्हें भी मार दिया जाएगा। इन ऑडियो में 33 बार गालियां भी दी गई हैं और कहा गया है कि उनकी यात्रा के दौरान हमला किया जाएगा।

नेपाल के पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री रिहा

काठमांडू। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को जमानत मिल गई है। अब उन्हें जेल से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकारी वकील के दफ्तर ने पुलिस को चिट्ठी भेजकर कहा है कि दोनों नेताओं की रिहाई सुनिश्चित की जाए। हालांकि, केपी शर्मा ओली की तबियत ठीक नहीं है, इसलिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

सिक्किम में बर्फबारी-लैंडस्लाइड हजार टूरिस्ट को सेना ने बचाया

भूस्खलन के कारण टूट गया है सड़क संपर्क

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,000 से अधिक पर्यटकों को बचाया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये पर्यटक पांच अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, 'लाचेन जुमसा' तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के सक्रिय समन्वय से चलाया गया। ताराम चू से चुंगथांग और फिर वहां से गंगटोक तक पर्यटकों को ले जाने के लिए बसों और पर्यटक वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। ताराम चू में निकासी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, स्थानीय विधायक और सिक्किम के सामाजिक कल्याण मंत्री समदुप लेपचा ने भारतीय सेना और बीआरओ के अधिकारियों से बातचीत की और उनके निरंतर प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने पर्यटकों से बातचीत भी की और उन्हें उनके गंतव्य तक सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने लाचेन से पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के कठिन कार्य में शामिल जिला प्रशासन और सभी एजेंसियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'खराब मौसम और रसद संबंधी चुनौतियों के बावजूद, टीम वर्क और सामुदायिक भावना के माध्यम से मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।'

यह बताया अफसरों ने

अधिकारियों ने बताया सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सेना के साथ मिलकर चुनौतीपूर्ण भूभाग और मौसम के बावजूद सड़क को साफ करने, बर्फ हटाने और संपर्क बहाल करने का काम लगातार कर रहा है। सेना के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण है। हमारी टीम जमीनी स्तर पर सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' कई भूस्खलनों के कारण लाचेन और चुंगथांग के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गया है। चुंगथांग भारत-चीन सीमा के निकट का क्षेत्र है।

नाटो पर ट्रंप का फिर हमला, कहा : जरूरत के वक्त साथ नहीं दिया

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुनः आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था। बैठक से पहले ट्रंप ने संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के दौरान सहयोग नहीं मिलने पर अमेरिका नाटो से अलग होने पर विचार कर सकता है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा, "नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा।" व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक ऐसे समय हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनी है, जिसके तहत होर्मुज को फिर से खोलने का रास्ता साफ हुआ है।

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रखी मांग

'देश के हालात पहले जैसे नहीं अब जनहित याचिका खत्म हो'

सरकार कहना है, इसका हो रहा है दुरुपयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के ढांचे की समीक्षा करने और इसे पूरी तरह से समाप्त करने का आग्रह किया है। सरकार का तर्क है कि जिस उद्देश्य से जनहित याचिका की शुरुआत की गई थी, वह अब काफी हद तक पूरा हो चुका है और वर्तमान में इसका दुरुपयोग अधिक हो रहा है। यह महत्वपूर्ण दलील सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ के समक्ष दी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सॉलिसिटर जनरल ने अपने लिखित और मौखिक बयानों में कई महत्वपूर्ण बिंदु उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले 5 दशकों में वह स्थिति काफी बदल गई है जिसके कारण पीआईएल की जरूरत थी। अब समय आ गया है कि पीआईएल में सिर्फ सुधार न किया जाए, बल्कि इसे पूरी तरह से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज के समय में न्याय प्रणाली अधिक सुलभ और पारदर्शी हो गई है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएएलएसए) जैसे संस्थान मौजूद हैं, जो जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता देते हैं। ई-फाइलिंग के जरिए अब अदालत तक पहुंचना बहुत आसान हो गया है; यहां तक कि एक पत्र भी सीधे अदालत पहुंच सकता है। इसलिए अब किसी 'तीसरे पक्ष' द्वारा प्रतिनिधित्व की आवश्यकता नहीं है। एसजी मेहता ने जोर देकर कहा कि आजकल दायर होने वाली ज्यादातर जनहित याचिकाएं प्रेरित होती हैं। पर्दे के पीछे से कोई और इन्हें नियंत्रित करता है, इसलिए ऐसी याचिकाओं पर विचार ही क्यों किया जाना चाहिए।

यह कहा सीजेआई ने

बता दें कि सॉलिसिटर जनरल की दलीलों पर सीजेआई सूर्यकांत ने सहमति जताते हुए कहा कि अदालतें जनहित याचिका को लेकर सतर्क हो गई हैं। अदालतें अब पीआईएल स्वीकार करने से पहले बहुत सावधानी बरतती हैं। इसे दायर करने की वजहों की बारीकी से जांच करती हैं। अब उन याचिकाओं पर नोटिस जारी होते हैं, जिनमें कोई दम या ठोस आधार होता है। 2006 से 2026 तक तक 20 साल में बहुत कुछ बदल गया है। हो सकता है कि आगे जाकर जनहित याचिका (पीआईएल) की जरूरत ही न पड़े।

क्या है पीआईएल

जनहित याचिका की व्यवस्था मुख्य रूप से उन लोगों के लिए शुरू की गई थी जो सामाजिक या आर्थिक रूप से कमजोर थे। इसका लक्ष्य यह था कि जो लोग गरीबी, अशिक्षा, विकलांगता या सामाजिक बहिष्कार के कारण खुद अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकते, उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कोई तीसरा व्यक्ति या संस्था उनकी ओर से अदालत में याचिका दायर कर सके। जैसे बंधुआ मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघ मामला।

अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से होंगे शुरू

श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने किया ऐलान

पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा रजिस्ट्रेशन

यात्रा परमिट और रूट सिस्टम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण कराया जा सकेगा। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने बुधवार को इसका एलान कर दिया। पंजीकरण देश भर के निर्धारित बैंक शाखाओं के माध्यम से होगा। यात्रा परमिट 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर जारी होगा। यात्रा की तारीख भी जल्द घोषित की जाएगी। देश भर की 554 बैंक शाखाओं में पंजीकरण होगा। पंजीकरण के दौरान प्रत्येक बैंक शाखा को प्रतिदिन, प्रति मार्ग एक निश्चित कोटा आवंटित किया गया है। 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का पंजीकरण नहीं होगा। इसी तरह छह सप्ताह से अधिक की गर्भवती का भी पंजीकरण नहीं होगा। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष यात्रा परमिट आधार-आधारित बायोमीट्रिक ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के बाद सिस्टम से एनआईसी पोर्टल (https://jksasb.nic.in) पर जारी किया जाएगा। यदि प्रमाणीकरण में तकनीकी खराबी आती है तो बैंक शाखा मैनुअल फोटो और डेटा प्रविष्टि के माध्यम से पंजीकरण कर सकेगी।

अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए परमिट जारी होने के बाद उसमें तीर्थयात्री द्वारा चुना गया रूट स्पष्ट रूप से दर्ज होगा। परमिट में या तो बालटाल रूट या पहलगाम रूट से दिया जाएगा। इसके साथ ही यात्रा की तारीख और प्रवेश समय भी तय होगा। बालटाल रूट पर डोमेल और पहलगाम रूट पर चंदनवाड़ी से प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय और तारीख पर ही यात्रियों को आगे बढ़ने की अनुमति होगी।



रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य नियम

हर यात्रा परमिट के लिए 150 रुपये की निर्धारित फीस रखी गई है। इसके अलावा, यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रजिस्ट्रेशन के समय आधार नंबर और मोबाइल नंबर सही दर्ज किए जाएं। श्राइन बोर्ड ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे हेल्प डेस्क की व्यवस्था करें और स्टाफ को उचित प्रशिक्षण दें, ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।

रजिस्ट्रेशन की समय सीमा

श्राइन बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी विशेष तारीख की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन यात्रा से 7 दिन पहले बंद कर दिया जाएगा। इसलिए यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर आवेदन करें। अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए इस बार व्यवस्था को और अधिक डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है। हेल्थ सर्टिफिकेट, उम्र सीमा और बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन जैसे नियम यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लागू किए गए हैं। जो भक्त इस पवित्र यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं, उन्हें सभी दिशानिर्देशों का पालन करना जरूरी होगा, ताकि यात्रा बिना किसी परेशानी के पूरी हो सके।

नासिक का मामला

आईटी कंपनी में बड़े पैमाने पर यौन शोषण, 6 कर्मचारी गिरफ्तार

नासिक। महाराष्ट्र में नासिक पुलिस ने एक आईटी कंपनी के छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक कर्मचारी पर आरोप है कि उसने शादी का वादा करके अपनी सहकर्मी का यौन शोषण किया। बाकी पांच कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने पिछले चार सालों में अलग-अलग समय पर अपनी महिला सहकर्मियों के साथ यौन उत्पीड़न किया और धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। पुलिस ने बताया कि नासिक स्थित आईटी कंपनी में लगभग 300 कर्मचारी काम करते हैं और गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोग टीम लीडर हैं। कुल नौ मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से आठ महिला सहकर्मियों द्वारा यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, नौवीं शिकायत एक पुरुष कर्मचारी ने दर्ज कराई है।

एचआर ने शांत रहने की दी सलाह

नासिक एसीपी क्राइम संदीप मिटके ने टॉइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'आईटी कंपनी के एक एचआर अधिकारी को इनमें से एक मामले में संदिग्ध बनाया गया है क्योंकि शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने संबंधित टीम लीडरों द्वारा वर्क प्लेस पर किए गए उत्पीड़न की रिपोर्ट करते हुए उसे ईमेल भेजा था, लेकिन एचआर ने उसे 'शांत रहने' की सलाह दी क्योंकि आईटी कंपनी में इस तरह के व्यवहार आम बात हैं। एचआर अधिकारी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।'

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- छत्तीसगढ़ में 6 साल से कम उम्र के बच्चों की जनसंख्या का गणित
- सुकमा, बीजापुर और धमतरी में गिरावट की रफ्तार अधिक





रायपुर के आंगन में गूंज रहीं किलकारियां...दुर्ग, धमतरी, बस्तर में जन्मदर कम, पलायन भी, इसलिए बच्चों की संख्या में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में बाल जनसंख्या यानि 6 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या 36 लाख से ज्यादा अनुमानित है, लेकिन राज्य के 33 जिलों में बच्चों की संख्या को लेकर असंतुलन की स्थिति है, रायपुर, बलोदाबाजार, बेमेतरा, मुंगेली, कबीरधाम जिलों में बाल जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, तो दूसरी ओर दुर्ग, धमतरी, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, गरियाबंद, सुकमा और बीजापुर में यह संख्या घट रही है, दरअसल बाल जनसंख्या में यह एक बड़ा असंतुलन है। राज्य सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी ▶▶|शेष पेज 7 पर

सबसे अधिक बच्चों वाले जिले

जिलेवार स्थिति देखें तो रायपुर में सबसे अधिक 3.32 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। इसके बाद बिलासपुर, बालोदाबाजार, कबीरधाम और कोरबा जैसे जिले प्रमुख हैं, जहां बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। इन जिलों में शहरीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों के कारण जनसंख्या का दबाव बना हुआ है।

सबसे कम बच्चे इन जिलों में

इसके विपरीत नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर और कोरिया जैसे जिलों में बच्चों की संख्या सबसे कम है। ये जिले मुख्य रूप से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्र हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, कुपोषण और पलायन जैसे कारण प्रभाव डालते हैं।

कहां बढ़ रही है संख्या

बलोदाबाजार, बेमेतरा, मूंगेली, रायपुर और कबीरधाम जैसे जिलों में बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इन क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सरकारी योजनाओं का असर और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से जन्मदर में वृद्धि हो रही है।

यहां घट रही है बच्चों की तादाद

दुर्ग, धमतरी, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, गरियाबंद, सुकमा और बीजापुर जैसे जिलों में बच्चों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। इन क्षेत्रों में कम जन्मदर और पलायन प्रमुख कारण माने जा रहे हैं।

वृद्धि की रफ्तार का ट्रेंड भी देखिए

जिलों के बीच वृद्धि की रफ्तार भी अलग-अलग है। बालोदाबाजार, बेमेतरा और रायपुर जैसे जिलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जबकि बस्तर और दंतेवाड़ा में स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है। दूसरी ओर सुकमा, बीजापुर और धमतरी में गिरावट की रफ्तार अधिक है, जो चिंता का विषय है।

राज्य पर क्या असर होगा

बच्चों की आबादी में यह असंतुलन राज्य की नीतियों पर सीधा असर डालेगा। जहां संख्या बढ़ रही है, वहां स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वहीं जिन जिलों में बच्चों की संख्या घट रही है, वहां भविष्य में श्रमबल की कमी हो सकती है। इसके अलावा क्षेत्रीय असमानता भी बढ़ने की आशंका है।बच्चों की आबादी के ये आंकड़े केवल जनसंख्या का संकेत नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी होगा कि घटती संख्या वाले जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और बढ़ती आबादी वाले क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाए।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैनल देखें
TATA PLAY पैनल नं. 1155 | airtel पैनल नं. 366

खबर संक्षेप

तेलंगाना में जनगणना 11 मई से नौ जून तक

हैदराबाद। तेलंगाना में जनगणना संचालन की निदेशक भारती होलिकेरी ने कहा कि 2027 की

जनगणना डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी, जबकि 2011 तक यह प्रक्रिया कागज पर आधारित थी। निदेशक होलिकेरी ने कहा कि इस प्रक्रिया के पहले चरण में घरों की सूची बनाना और आवास गणना शामिल है।

1.81 करोड़ मिलने के बाद सरकारी इंजीनियर गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (बांध सुरक्षा) राजेश चंद्र मोहंती को उसके नाम पर एक आलीशान इमारत समेत आय के ज्ञात स्रोत से कई गुना ज्यादा संपत्ति के संबंध में गिरफ्तार किया गया। भुवनेश्वर और ढेंकनाल में उसके आठ महंगे भूखंड हैं। छापेमारी के दौरान 6.23 लाख रुपए नकद, 1.81 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि, लगभग 350 ग्राम सोने के आभूषण और चार पहिया दो वाहन जब्त किए गए।

बाल तस्करी के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लें राज्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा

करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है।

स्कूली वाहन पलटा, पांच बच्चों समेत सात घायल हुए

जालौन। जालौन जिले के कोतवाली आटा क्षेत्र में एक स्कूली वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से पांच बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। एक स्कूली वाहन बच्चों को लेकर जा रहा था, उसी बीच लुहोर गांव के पास वह अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने वाहन से बच्चों को बाहर निकाला और पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम का निधन

कोलकाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चौधरी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण कोलकाता में

निधन हो गया 'डालू' के नाम लोकप्रिय चौधरी 89 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटा ईशा खान चौधरी हैं। ईशा मालदा दक्षिण से कांग्रेस के सांसद हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन के साथ ही मालदा जिले की राजनीति के एक युग का अंत हो गया।

राष्ट्रीय स्वाथ्य प्राधिकरण के मानकों का पालन नहीं करने का आरोप

33 निजी अस्पताल आयुष्मान से बाहर, 26 का भुगतान रोका, इनमें 43 रायपुर के, यहां इलाज अब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान से जुड़े प्रदेश के 59 अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इन्हें सूची से बाहर कर दिया गया है। अर्थात अब इन हॉस्पिटल में मरीज इलाज नहीं करा पाएंगे। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्वाथ्य प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर इन अस्पतालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की राज्य नोडल एजेंसी ने यह कार्रवाई की है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीकृत सभी अस्पतालों को निर्धारित पोर्टल पर अपनी जानकारी अद्यतन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य था। इसके लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी। कई रिमाइंडर भेजे जाने के बाद अनेक स्मरण पत्र जारी किए जाने के बाद भी इन अस्पतालों द्वारा न तो जानकारी अद्यतन की गई और न ही पोर्टल पर प्राप्त प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

काम बंद करने की स्थिति

छग चिकित्सा प्रकोष्ठ, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.राकेश गुप्ता ने कहा, मध्यप्रदेश में भी कुछ दिन पूर्व आदेश जारी कर 120 से ज्यादा अस्पतालों के नाम सूची से हटाए गए हैं। इन अस्पतालों की संबद्धता एनएबीएच पात्रता नहीं होने का कारण दर्शा कर समाप्त की गई है। छत्तीसगढ़ में यह कार्यवाही भी उसके आगे की कड़ी है। वास्तव में स्वास्थ्य विभाग नहीं चाहता कि आयुष्मान के योजना के तहत ज्यादा अस्पताल इलाज करें, क्योंकि अस्पतालों में इलाज का पैसा देने के लिए सरकार के पास पर्याप्त बजट ही नहीं है। पिछले ढाई साल में हर बार छह महीने से ज्यादा का लंबित भुगतान नहीं करने पर निजी अस्पतालों में काम बंद करने और गतिरोध की स्थिति आई है।

21 अस्पताल : आवेदन नहीं देने के कारण निलंबित

प्रदेश में 21 प्राइवेट हॉस्पिटल ऐसे रहे, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं की। आवेदन नहीं किए जाने के कारण इन्हें संबद्धता ही प्रदान नहीं की गई है। इस सूची में राजधानी शीर्ष पर है।
बेमेतराः ब्यू आयुष्मान हॉस्पिटल
दुर्गः ए.पी. सर्जिकल सेंटर, आई.एम.आई. हॉस्पिटल, ओम हॉस्पिटल, साईं कृपा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, गंगोत्री हॉस्पिटल
गरियाबंदः सोमेश्वर हॉस्पिटल
महासमुंदः सेवा भवन हॉस्पिटल
रायपुरः जौहरी हॉस्पिटल, महादेव हॉस्पिटल, न्यू रायपुरा हॉस्पिटल, शिवम हॉस्पिटल, सौभाग्य हॉस्पिटल, जैन हॉस्पिटल, लक्ष्मी ▶▶|शेष पेज 7 पर

12 अस्पताल : जवाब ना देने के कारण बाहर

प्रदेश के 12 निजी अस्पतालों की संबद्धता इसलिए समाप्त कर दी गई है, क्योंकि इन्होंने जानकारी अपडेट नहीं की गई। इसके अलावा इनसे पूछे गए सवालों का जवाब भी प्रबंधन द्वारा नहीं दिया गया। डेटा अपडेट न करने या पूछे गए सवालों का जवाब न देने के कारण निलंबित किए गए अस्पतालों में भी सर्वाधिक रायपुर के ही हैं।
जीपीएमः पिनाकी शोभा हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी केयर
जांजगीर-चांपाः एम.डी. मोदी मेमोरियल हॉस्पिटल
कोंडागांवः नेताम हॉस्पिटल एवं इनफर्टिलिटी सेंटर
महासमुंदः श्री उत्तम साईं केयर हॉस्पिटल ▶▶|शेष पेज 7 पर

26 अस्पताल : रोका गया भुगतान

प्रदेश के 26 अस्पतालों का भुगतान और नई अनुमति दस्तावेजों की कमी और दोबारा आवेदन न करने की वजह से रोक दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, इन अस्पतालों के दस्तावेज पूर्ण नहीं हैं। इस सूची में भी सर्वाधिक नाम रायपुर के ही हैं।
बालोदः शकुंतला हॉस्पिटल
दुर्गः सुविधा हॉस्पिटल
कबीरधामः रूप जीवन हॉस्पिटल
महासमुंदः श्री राधे कृष्णा केयर हॉस्पिटल
रायपुरः पांडे नर्सिंग होम, दृष्टि नेत्रालय, वैदेही हॉस्पिटल, अनंत हॉस्पिटल, श्री साईं केयर हॉस्पिटल, अनुष्का हॉस्पिटल, ममता हॉस्पिटल, लालमती मल्टीस्पेशलिटी ▶▶|शेष पेज 7 पर

तीन श्रेणी में कार्रवाई

जिला स्तर से प्राप्त अनुशंसाओं एवं समीक्षा के आधार पर तीन श्रेणी बनाकर कार्यवाही की गई है। इनमें 21 अस्पताल, जिन्होंने 'एक बार भी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया' उन्हें आगामी आदेश तक निलंबित किए जाने की कार्यवाही की गई है। 12 अस्पतालों को आवश्यक जानकारी अद्यतन न करने एवं क्वेरी का उत्तर न देने के कारण आवश्यक क्वेरी पूर्ण किए जाने तक निलंबित किए जाने की कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त 26 अस्पताल, जिनके आवेदन अपूर्ण पाए गए तथा पुनः प्रस्तुत नहीं किए गए, उनके विरुद्ध भुगतान एवं प्री-ऑथ रोकने की कार्यवाही की जा रही है।

गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए एक्शन

यह कार्यवाही आयुष्मान योजना के प्रावधानों के तहत तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है, ताकि योजना के अंतर्गत पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जा सके। राज्य नोडल एजेंसी ने सभी पंजीकृत अस्पतालों से कहा है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत नए पोर्टल में पंजीयन के लिए निर्धारित मानकों को पूर्ण करते हुए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा समयबद्ध रूप से आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे अस्पतालों को आयुष्मान योजना में पंजीकृत कर निर्बाध सेवा सेवा प्रदाय की जा सके।

केरलम-असम में टूटा रिकॉर्ड, पुडुचेरी ने सबको छोड़ा पीछे

- असम में 85.04, पुडुचेरी में 90 और केरलम 78.01 फीसदी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

असम, केरलम और पुडुचेरी में वोटिंग खत्म हो गई है। तीनों राज्यों में बंपर वोटिंग हुई और कहीं से कोई बड़ी घटना की खबर नहीं आई। सभी ईवीएम मशीनें सील कर दी गई हैं। चुनाव आयोग ने शाम 6 बजे तक तीनों राज्यों में वोटिंग का आंकड़ा जारी कर दिया है। पुडुचेरी में सबसे ज्यादा 89.08 फीसदी मतदान हुआ। असम में 85.04 फीसदी वोट पड़े. केरलम में 78.01 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। तीनों राज्यों में इसे अच्छा मतदान माना जा रहा है. पुडुचेरी में सबसे ऊंचे आंकड़े को लेकर वहां के स्थानीय नेता और पार्टी कार्यकर्ता काफी खुश नजर आए। असम में भी मतदाताओं का उत्साह साफ दिखा। केरलम में पिछले कुछ चुनावों की तुलना में थोड़ा कम रहा लेकिन फिर भी इसे ठीक-ठाक माना जा रहा है।

केरलम में टूटा रिकॉर्ड

केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 89.81% मतदान हुआ।

असम में हिंसा, करीब 30 घायल सात गिरफ्तार

असम में गुरुवार को चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हुए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेना सिन्हा कथित तौर पर रंगमती मतदान केंद्र में घुस गए और पीठासीन अधिकारी से बहस करने लगे। उन्होंने कहा, उन्होंने दावा किया कि फर्जी मतदाताओं ने असली लोगों के वोट डाले। जब पीठासीन अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया, तो उन्होंने ईवीएम तोड़ दी।

70 साल बाद पहाड़ी कोरवाओं को मिलेगी उनकी 'माटी'

छल से कब्जा की गई 31 एकड़ जमीन वापसी का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों को लेकर कलेक्टर ने ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए, वर्ष 1955 में छल-कपट के जरिए कब्जाई गई पहाड़ी कोरवा (राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र मानी जाने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति) की 31.31 एकड़ भूमि के हस्तांतरण को 'शून्य' घोषित कर दिया है। यह फैसला इस मायने में क्रांतिकारी है कि इसने दशकों पुराने उस भ्रम को तोड़ दिया है कि आदिवासी से आदिवासी के बीच हुए पुराने जमीन सौदों को चुनौती नहीं दी जा सकती। अति पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

पूर्व आदेश को किया निरस्त

कलेक्टर जशपुर ने अनुविभागीय अधिकारी के पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया है। उन्होंने राजस्व विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि ग्राम करदनापाठ की विवादित 31.31 एकड़ भूमि को तत्काल मूल भू-स्वामी के विधिक वारिसों (मन्जू एवं अन्य) के नाम पर दर्ज कर रिकॉर्ड अपडेट किया जाए।

सख्त चेतावनी

यह आदेश उन लोगों के लिए एक सख्त चेतावनी है जो धर्मांतरण की आड़ में या आदिवासी पहचान का लाभ उठाकर विशेष पिछड़ी जनजातियों की जमीनों को कपटपूर्ण तरीके से हड़प रहे हैं। जशपुर कलेक्टर का यह फैसला उन हजारों आदिवासियों के लिए उम्मीद की किरण है जिनकी जमीनें दशकों पहले नियमों को ताक पर रखकर छीनी गई थीं।

क्यों ऐतिहासिक है यह फैसला?

न्यायालय ने सूक्ष्म कानूनी बारीकियों और दस्तावेजों का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला कि धारा 170(ख) का कवच न्यायालय ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170(ख) का दायरा अत्यंत व्यापक है। इसमें 'प्रत्येक व्यक्ति शब्द शामिल है, जिसका अर्थ है कि यदि खरीदार आदिवासी भी है, लेकिन उसने छल या नियमों का उल्लंघन कर जमीन ली है, तो उसे संरक्षण नहीं मिलेगा। 1959 के पूर्व के नियमों का उल्लंघन कलेक्टर ने पाया कि 1959 की संहिता से पहले भी मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1954 प्रभावी थी। उस समय भी जमीन हस्तांतरण की सूचना सक्षम अधिकारी को देना अनिवार्य था, जिसका पालन ▶▶|शेष पेज7 पर

सीबीएसई पाठ्यक्रम में नए सत्र से तीन भाषाएं

इंग्लिश फॉरेन या इंडियन लैंग्वेज, असमंजस में स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में इसी सेशन यानी एकेडमिक सेशन 2026-27 से तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी। मसलन, इसी सेशन से क्लास 6 से ऊपरी क्लास के स्टूडेंट्स तीन भाषाएं पढ़ेंगे। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को क्लास 6 में तीसरी भाषा (आर-3) शुरू करने का निर्देश दिया है। सीबीएसई ने ये स्पष्ट किया गया है कि यह फैसला हाल ही में जारी नए स्कीम ऑफ स्टडीज के तहत लिया गया है, जो नेशनल ▶▶|शेष पेज 7 पर

असमंजस के बीच सेशन शुरू

कुल मिलाकर स्कूल अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं और सीबीएसई के सर्कुलर का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि सेशन शुरू हो चुका है, स्टूडेंट्स ने किताबें खरीद ली हैं और क्लासेज भी शुरू हो गई हैं, लेकिन थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला पर कुछ स्पष्ट नहीं है।

कैबिनेट में मंजूरी विशेष संसद सत्र में पेश हो सकता है संशोधन विधेयक

महिला आरक्षण बिल पर केंद्र की मुहर पीएम बोले-अब और टालना ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में महिला आरक्षण विधेयक के संशोधन पर राजनीति तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस बीच, पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि अब समय आ गया है जब इस ऐतिहासिक बदलाव को हकीकत में बदला जाए. उनका मानना है कि महिलाओं को राजनीति में उनका हक देना अब और टाला नहीं जा सकता। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें इस संशोधन बिल को पारित किए जाने की संभावना है।

भाजपा ने किया समर्थन

भाजपा ने मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि ये प्रस्तावित संशोधन लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधनों पर आम सहमति बनाने के लिए सभी दलों से साथ आने की अपील की है।

इधर, कांग्रेस की कार्यसमिति आज, बनेगी रणनीति

कांग्रेस शुक्रवार को अपनी कार्यसमिति की बैठक करेगी, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के सरकार के कदम, प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया और पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। कांग्रेस की यह प्रमुख बैठक संसद के वर्तमान बजट सत्र के तहत अगले सप्ताह होने वाली दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक से कुछ दिन पहले हो रही है।

सबरीमला मामले पर तीसरे दिन परंपराओं पर बहस

कई मंदिरों में औरत बनकर जाते हैं आदमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सबरीमाला मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। गुरुवार को इस सुनवाई का तीसरा दिन है। नौ जजों की संवैधानिक पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए सात संवैधानिक सवाल तय किए हैं। सुप्रीम कोर्ट में हो रही बहस इन्हीं सवालों पर आधारित है और इसी दायरे में रहकर तर्क किए जा रहे हैं, लेकिन ये दायरा भी इतना फैला हुआ है कि बहस में कई मुद्दे शामिल हो जा रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि, 'मैंने ऐसे मंदिरों के उदाहरण दिए हैं, जहां पुरुषों को जाने की अनुमति नहीं है। वहां पुरुष पुजारियों के ▶▶|शेष पेज 7 पर

क्या बोले चीफ जस्टिस?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि, मैंने अपनी दलीलों को केवल अनुच्छेद 25 और 26 के मुद्दे तक सीमित रखा है। मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण जैसे मुद्दों पर मैंने अपनी बात नहीं रखी है। वहीं, सीजेआई ने कहा कि हम केवल अपने सामने मौजूद 7 कानूनी सवालों पर ही विचार कर रहे हैं. सॉलिसिटर जनरल ने केंद्र सरकार की ओर से अपनी दलीलें पूरी कर ली हैं।

सबरीमाला की परंपराओं को लेकर भ्रम बना

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वैद्यनाथन ने सबरीमाला की परंपरा के बारे में बात की. उन्होंने कहा कि, 'सबरीमाला मंदिर में ऐसा कोई भेदभाव नहीं किया जाता कि वहां ईसाइयों या मुसलमानों की एंट्री पर कोई रोक है; बल्कि शर्त केवल यह है कि उन्हें अयप्पा की दिव्यता और शक्ति में पूर्ण आस्था और विश्वास होना चाहिए। साथ ही, उन्हें 40 दिनों का 'व्रतम' (व्रत) रखना होगा।

केरलम के कुछ मंदिरों में खास पहनावों की परंपराएं

इस बात को आगे बढ़ाते हुए जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि, केरलम के कुछ मंदिरों में, आप धोती के अलावा पैंट-शर्ट पहनकर नहीं जा सकते और आप यह जिद भी नहीं कर सकते कि आपको शर्ट पहनकर ही मंदिर में जाना है। तब सीजेआई सूर्यकांत ने भी इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, गुरुवायुर मंदिर में आप शर्ट पहनकर नहीं जा सकते। आपको शर्ट उतारनी पड़ती है। उत्तर भारत में, जब आप किसी गुरुद्वारे, स्वर्ण मंदिर जाते हैं, तो आपको अपना सिर ढकना पड़ता है। लाखों हिंदू गुरुद्वारे जाते हैं लेकिन वे अपना सिर ढकते हैं। तब जस्टिस बागची ने कहा कि, ये सभी उदाहरण आर्टिकल 26(बी) की बात को सामने रखते हैं।

चिंतन

महिला आरक्षण : कठिन है डगर मंजिल की

स्थापना दिवस
ओ.पी. चौधरी

देश की राजनीति में लंबे समय से अटका महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को मंजूरी देने के साथ ही यह उम्मीद जगी है कि भारतीय लोकतंत्र अब आधी आबादी को उसका वाजिब हक देने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना और उनमें 33 प्रतिशत यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना निश्चित रूप से ऐतिहासिक पहल कही जा सकती है, लेकिन इसके साथ ही इसके क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण नजर आती है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह आरक्षण व्यवहार में कैसे लागू होगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि किन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा और यह प्रक्रिया किन मानकों के आधार पर तय होगी। 'वर्टिकल' आरक्षण का मतलब है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कोटे के भीतर भी महिलाओं को हिस्सा मिलेगा, जो सामाजिक न्याय के लिहाज से उचित है, लेकिन सीटों के चयन की प्रक्रिया राजनीतिक विवाद का सबसे बड़ा कारण बन सकती है। हर राजनीतिक दल अपने मजबूत गढ़ को बचाने की कोशिश करेगा और यहीं से टकराव की शुरुआत होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन (डिलिमिटेशन) के बाद जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होगा। इससे छोटे और कम आबादी वाले राज्यों को यह आशंका सताने लगी है कि उनका राजनीतिक वजन घट सकता है। वहीं, बड़े राज्यों में भी आंतरिक असंतोष उभर सकता है, क्योंकि कई मौजूदा सांसदों की सीटें आरक्षित हो जाएंगी। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों का संतुलन बिगड़ना तय है। हालांकि, दिलचस्प यह है कि कोई भी राजनीतिक दल खुले तौर पर इस बिल का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विरोध करना राजनीतिक आत्मघात जैसा होगा, लेकिन भारतीय राजनीति के अनुभव बताते हैं कि सहमति के पीछे भी असहमति के रास्ते खोज लिए जाते हैं। यह आशंका निराधार नहीं है कि सीटों के बंटवारे, परिसीमन और लागू करने की समयसीमा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से अड़ंगे डाल सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण चिंता 'प्रॉक्सी राजनीति' की है। पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का अनुभव मिश्रित रहा है। कई जगहों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या परिवार के पुरुष सदस्य ही सत्ता का संचालन करते दिखाई दिए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संसद और विधानसभाओं में भी 'सांसद पति' या 'विधायक पति' जैसी प्रवृत्ति देखने को मिलेगी? देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। यह पीढ़ी वास्तविक नेतृत्व की क्षमता रखती है। यदि सही प्रशिक्षण, अवसर और सामाजिक समर्थन मिला, तो यह बदलाव भारतीय राजनीति का चेहरा बदल सकता है। आखिरकार मंजिल भले ही सामने दिख रही हो, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। यह यात्रा धैर्य, संवाद और दूरदृष्टि की मांग करती है। यदि इन चुनौतियों को सही तरीके से पार किया गया, तो यह कानून भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकता है। वरना यह एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।

भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव

6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है।

भारत की राजनीतिक यात्रा में कुछ ऐसे पड़ाव आते हैं, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि विचार और दिशा परिवर्तन के प्रतीक होते हैं। 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। स्वतंत्रता के तुरंत बाद का भारत घावों से भरा था- विभाजन की पीड़ा, विस्थापितों का दर्द और राजनीतिक अनिश्चितता का अंधेरा। उस समय की सत्ताधारी कांग्रेस ने राष्ट्र प्रथम के स्थान पर तुष्टिकरण और एक परिवार की सत्ता को प्राथमिकता दी।

आवाज भरी गई। वह दोपहर 12.30 बजे का समय था जब आईईडी विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में आने से वह बेहोश हो गया। टीम के अधिकारी और साथी उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाम 6 बजे जिला अस्पताल बीजापुर लेकर पहुंचे तब उन्हें होश आया। उस समय वे सोच रहे थे कि किसी तरह जल्द से जल्द किसी अच्छे अस्पताल में इलाज हो जाए। वे अस्पताल पहुंचे और उन्हेंअपना एक पैर खोना पड़ा। यह घटना किसी भी व्यक्ति को तोड़ सकती थी, परंतु किशन हपका के साहस और मजबूत इच्छाशक्ति के आगे बौनी साबित हुई। उनका कहना है कि परिस्थिति कितनी भी कठिन हो इसांन को मन से नहीं हारना चाहिए। अपने इसी आत्मविश्वास व शारीरिक क्षति के बावजूद उन्होंने कृत्रिम पैर लगाकर न केवल खुद को संभाला बल्कि जीवन की नई शुरुआत की। उन्होंने परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया बल्कि उसे अपनी ताकत में बदल दिया। अब जब नक्सलवाद समाप्ति पर है तब किशन ने कहा कि उन्हें अपने पैर खोने का दर्द नहीं है, बल्कि इस बात की खुशी है कि हमारा बस्तर नक्सलियों के चंगुल से आजाद हो चुका है और लोग बिना डरे अपने जिंदगी जी सकेंगे।

किशन एक पैर खोने के बाद रुका नहीं, 2025 में खेलो इंडिया के अंतर्गत तीरंदाजी में भाग लिया। अपनी एकाग्रता, धैर्य एवं मानसिक संतुलन के बल पर उन्होंने बस्तर ओलंपिक में तीरंदाजी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। अपने इसी हुनर को उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और हाल ही में उन्होंने पंजाब व आल इंडिया पुलिस नेशनल स्पर्धा भिलाई में भी विभाग की ओर से तीरदांजी में अच्छा प्रदर्शन किया। अब वे झारखण्ड में होने वाले स्पर्धा में भी भाग लेने तैयारी कर रहे हैं। यह उपलब्धि उनके लिए केवल एक पदक नहीं बल्कि उनके संघर्ष, हौसले और आत्मविश्वास की जीत का प्रतीक है। किशन हपका वर्तमान में कोतवाली थाना बीजापुर में अपने ड्यूटी कर रहे हैं। किशन ने कहा कि उसने जो भी किया नक्सलवाद के खात्मे व अपने देश के लिए किया और आगे भी देश के लिए कुछ करना चाहता हूं, जिससे बस्तर पुलिस व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हो सके।

सीजफायर के बाद ....

लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। बेरूत में व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों पर हमले किए गए।

ओडिशा से मुंबई जा रहा डेढ़ ....

में नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनएच 53 मार्ग पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध ट्रक के पहुंचते ही उसे रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बोरियों के अंदर छिपाकर रखा गया 312 किलो से अधिक गांजा मिला। ट्रक में सवार दो आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया जिसमें इम्तियाज खान (48 वर्ष) निवासी मैसूर, कर्नाटक, रवि प्रकाश राउतकर (45 वर्ष) निवासी बालाघाट, मध्य प्रदेश शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा ओडिशा के सोनपुर जिले से लेकर मुंबई (महाराष्ट्र) खपाने जा रहे थे।

छोटे नोटों का ....

उसके पास जा रहे थे तो युवक सूटकेस छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों सूटकेस व बैग खोलकर देखा तो 10, 20, 50 रुपए के 81 बंडलों में कुल 17 लाख 90 हजार रुपए मिले। पकड़ा गया युवक बिलासपुर स्थित पुराना बस स्टैण्ड कश्यप कालोनी निवासी पवन बजाज पिता अर्जून बजाज 35 साल है। पूछताछ में उसने बताया, बिलासपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन से कटनी उक्त रकम छोड़ने जा रहा था।

छत्तीसगढ़ में सिटी ...

मानें, तो इस संबंध में नई नीति तैयार की गई है, इसका अनुमोदन राज्य मंत्रिपरिषद कैबिनेट की बैठक (15 अप्रैल) में होने की संभावना है।

सीएस कर चुके हैं ....

जाए। साथ ही रोड कटिंग, राइट ऑफ वे और अन्य तकनीकी स्वीकृतियों को समयबद्ध तरीके से जारी किया जाए, ताकि परियोजना में देरी न हो। इसके अलावा नगरीय निकायों, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा गया है। नए भवनों, कॉलोनियों, अस्पतालों और संस्थानों में पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर को शामिल करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पेज एक के शेष

रायपुर के आंगन में गूंज ....

संचालनालय ने वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से साल-दर साल वृद्धि या कमी का एक आकलन किया है। इससे राज्य की बाल संख्या के संबंध में एक तस्वीर सामने आती है। राज्य सरकार बच्चों के लिए योजना बनाने समय इन आंकड़ों के अनुरूप रीति-नीति निर्धारित कर सकती है। इसकी सीधा असर भविष्य में बच्चों के लिए बनने वाली योजनाओं पर भी पड़ता है। राज्य में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की कुल संख्या लगभग 36.57 लाख दर्ज की गई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में इसमें धीरे-धीरे गिरावट का रुझान दिखाई दे रहा है, जो जनसंख्या वृद्धि दर में कमी का संकेत है।

21 अस्पताल : आवेदन नहीं देने के...

हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी होम, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, वरदान हॉस्पिटल, वासुदेव मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री रामा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, माँ शारदा नर्सिंग होम, ओम नेत्र केंद्र एवं लेजर विजन।

12 अस्पताल : जवाब ना देने...

रायपुरः श्री दानी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री महावीर हॉस्पिटल, श्री साईं राम हॉस्पिटल, कालड़ा नर्सिंग होम, कान्हा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, प्रज्ञा हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल

26 अस्पताल : रोका...

हॉस्पिटल, कर्मा हॉस्पिटल, श्री राम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, श्रीमाँ शारदा आरोग्यधाम हॉस्पिटल, रूपजीवन हॉस्पिटल, श्री दानी केयर हॉस्पिटल, जीवन अनमोल हॉस्पिटल, सद्भावना हॉस्पिटल, एकता इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, चंद्रानी सरदारीलाल आई एवं ईएनटी हॉस्पिटल, रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल, आस्था मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ आई हॉस्पिटल, शाश्वत हॉस्पिटल

70 साल बाद पहाड़ी कोरवाओं...

के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से पक्ष रखा कि किस प्रकार भोली-भाली जनजाति के लोगों को कानूनी दांव-पेच और धर्मांतरित व्यक्तियों द्वारा छल का शिकार बनाकर उनकी पैतृक संपत्ति हड़पी गई थी।

क्यों ऐतिहासिक है यह...

नहीं किया गया। अवैध बैनामा तत्कालीन कलेक्टर या अधिकृत अधिकारी की अनिवार्य अनुमति के बिना किया गया विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) कानूनी रूप से 'अकृत एवं शून्य'है। कब्जा बनाम कागज न्यायालय ने स्वीकार किया कि भले ही कागजों में नाम हेरफेर से बदला गया, लेकिन जमीन पर आज भी भौतिक कब्जा पीड़ित पहाड़ी कोरवाओं का ही है। भूमि सुरक्षा पर बड़ा फैसला अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने फैसले के बाद मीडिया को बताया कि अंतिम आदेशः राजस्व रिकॉर्ड में सुधार के निर्देश।

इंग्लिश फॉरेन या...

एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत लागू किए जा रहे तीन भाषा फॉर्मूला का हिस्सा है। सीबीएसई ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य स्टूडेंट्स की भाषा समझ और ज्ञान को मजबूत करना है। सीबीएसई के इस फैसले को स्कूल प्रिंसिपल असमंजस में है। स्कूल प्रिंसिपल इंग्लिश की कैटेगरी तय ना होने की वजह से असमंजस में हैं।

कई मंदिरों में औरत बनकर...

लिए यह अनिवार्य है कि वे महिला श्रद्धालुओं के पैर धोएं। केरलम में एक ऐसा मंदिर है, मैंने इसके बारे में पढ़ा है, जहां पुरुष महिलाओं की वेशभूषा में जाते हैं।

वे ब्यूटी पार्लर जाते हैं और परिवार की महिला सदस्य उन्हें साड़ी पहनाने में मदद करती हैं और वहां केवल पुरुष ही जाते हैं, इसलिए यह धार्मिक प्रथा न तो पूरी तरह से पुरुष-केंद्रित है और न ही महिला-केंद्रित.यह विशेष उदाहरण संयोगवश महिला-केंद्रित है।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

दिल्ली पहुंचते ही नीतीश कुमार ने तोड़ी चुप्पी!

'हमने तय कर लिया है, यहां रहेंगे, वहां वाला छोड़ेंगे'

पटना/नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे ने सियासी हलचल को और तेज कर दिया है। गुरुवार को दोपहर करीब 3:15 बजे दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में ऐसे संकेत दिए, जिससे यह साफ माना जा रहा है कि वे अब राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत में नीतीश कुमार ने साफ कहा, 'हमने तय कर लिया है, यहां रहेंगे, वहां वाला छोड़ेंगे। फिर उसके बाद यही रहेगा।' नीतीश कुमार ने कहा, 'हम उसी (राज्यसभा शपथ) के लिए आए हैं, कल सुबह जा रहे हैं। वहां सब छोड़ देंगे। 20 साल वहां रहे हैं, अब हम यहीं रहेंगे।' उनके इस बयान को बिहार की राजनीति से लगभग दूरी और केंद्र की राजनीति में सक्रिय एंट्री के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। दिल्ली दौरे के दौरान नीतीश कुमार ने साफ संकेत दिए कि अब उनका फोकस राष्ट्रीय राजनीति पर रहेगा और वे बिहार की सक्रिय राजनीति से दूरी बना सकते हैं।

कुवैत में भीषण सड़क हादसे में भारत के पांच लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| कुवैत

कुवैत में भीषण सड़क हादसे में भारत के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा कुवैत के एक राजमार्ग पर बुधवार शाम उस समय हुआ जब प्रवासी मजदूरों से भरी एक गाड़ी तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर दूसरे वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुंछ जिले के बच्चेयांवाली गांव के फरीद अहमद, सरफराज अहमद, मोहम्मद खालिद व शींदरा गांव के मुख्तार अहमद और राजोरी के थन्नामंडी के मुमताज रशीद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों में शामिल पुंछ के एक युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वीरवार सुबह जानकारी मिलते ही बच्चेयांवाली, शींदरा और थन्नामंडी में मातम पसर गया।

असम पुलिस ने एफआईआर में कहा

खेड़ा के आरोप 'चुनाव प्रभावित करने सुनियोजित प्लान का हिस्सा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेलंगाना हाई कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा है। पवन खेड़ा असम पुलिस की ओर से उनके खिलाफ जालसाजी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज करने के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे हैं। इस बीच असम पुलिस के एफआईआर में उनके खिलाफ दर्ज जानकारी सामने आ गई है। असम पुलिस की ओर से पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज एफआईआर के अनुसार, उन्होंने गुवाहाटी के प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां के खिलाफ एकाएक आरोप नहीं लगाए थे, बल्कि यह एक 'सुनियोजित योजना का हिस्सा था।'

'दुर्भावना और आपराधिक इरादे से लगाए गए आरोप': एफआईआर के अनुसार, खेड़ा की ओर से लगाए गए आरोप, 'दुर्भावना से जानबूझकर, आपराधिक इरादे से और गंभीर अंजाम की पूरी जानकारी के साथ' लगाए गए थे। एनडीटीवी ने एफआईआर की कॉपी के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। एफआईआर के अनुसार ये बयान मतदान के कुछ ही दिन पहले दिए गए। यह (बयान) नागरिकों को गुमराह करने, सार्वजनिक शांति भंग करने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए (दिए गए)...

ऐन चुनाव के बीच संदेह पैदा करता है विधेयक का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने विधायिकाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण को लेकर प्रस्तावित संशोधन के समय पर सवाल उठाते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि यह कदम चुनावी माहौल को प्रभावित करने की एक और राजनीतिक कोशिश प्रतीत होता है। स्टालिन ने कहा कि राज्यों में चुनाव के बीच 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन लाने का समय 'गंभीर संदेह' पैदा करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का पूर्ण समर्थन करती है, लेकिन इसे बिना सीटों की संख्या बढ़ाए और ''बिना राज्यों को दंडित किए'', मौजूदा ढांचे के भीतर लागू किया जाना चाहिए। स्टालिन ने परिसीमन को लेकर पारदर्शिता की कमी का भी आरोप लगाया और पूछा कि यह जनसंख्या नियंत्रण से पूर्व के 1971 के आंकड़ों के आधार पर होगा या 2021 की जनगणना के अनुसार ? उन्होंने कहा कि अस्पष्टता और विरोधाभासी संकेत संदेह को और गहरा करते हैं। सहकारी संघवाद के सिद्धांत पर 'सीधा हमला' स्टालिन ने आरोप लगाया कि यह कदम राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगा और सहकारी संघवाद के सिद्धांत पर 'सीधा हमला' है।

■ महिला आरक्षण को लेकर स्टालिन का केंद्र पर हमला

मणिपुर में कर्फ्यू का उल्लंघन कर निकाली रैलियां, जलाए टायर

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक घर पर बम हमले के विरोध में राज्य के घाटी के पांच जिलों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए रैलियां निकालीं और टायर जलाए। बिष्णुपुर जिले में बम हमले की इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इंफाल पश्चिम जिले के टिडिम लाइन में संगठन 'ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन' के तत्वावधान में सैकड़ों लोगों ने क्वाकेइथेल के पास स्थित संगठन के कार्यालय से रैली निकाली, जिसमें हत्याओं की निंदा की गई और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। हमले में मारे गए दो नाबालिगों के पोस्टर लिए हुए कई बच्चे भी रैली में शामिल हुए जिन्हें सुरक्षा बलों ने क्वाकेइथेल के पास आगे बढ़ने से रोक दिया।

ये है मामला

बुधवार रात को इंफाल पूर्व जिले के खुराई लामलॉन्ग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुईं, जहां प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इसके पहले ट्रोंगलाओबी घटना के बाद चलाए गए अभियानों के दौरान पुलिस ने यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के तीन संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

!! न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) !!

व्यक्तिगत सूचना

रा०प्र०क्र०:-202511100700082/अ-6 (अ)/ वर्ष 2025-2026
ग्राम-कसारीडीह, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रति,
1- निरंजन पिता रामकृष्ण वर्मा, निवास-डी-7, राजीव नगर, रायपुर [illegible]

[illegible]

तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विशेष विवाह के पक्षकार [illegible] द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954, द्वितीय अनुसूची की धारा 5 के अधीन विशेष विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 20/04/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया।

आगामी पेशी दिनांक-20/04/2026

विशेष विवाह अधिकारी
एवं अपर कलेक्टर जिला
धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202602090100017

विषयः- अ-21(1) मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026
देवडोंगर (प ह न. 00015),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - सरस्वती
अनावेदक पक्षकार - छ०ग० शासन द्वारा राजस्व विभाग

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि [illegible]

Abdul Vasim Siddiqui
नायब तहसीलदार
घुमका, तह. व जिला-राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड

बिजली बन्द की सूचना

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों में रखरखाव/सुधार कार्य हेतु नीचे दिये गये तिथि में समय **सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे** तक निम्न क्षेत्रों में बिजली बन्द रहेगी।

दिनांक/दिन	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
10.04.2026 शुक्रवार	33 के.व्ही. धमतरी फीडर	चिटौद से बागतराई, विजय राईस मिल।
11.04.2026 शनिवार	33 के.व्ही. कलेक्ट्रेट फीडर	चिटौद से गोकुलपुर सबस्टेशन, पीबीएस ऑईल मिल पुरूर।
13.04.2026 सोमवार	33 के.व्ही. धमतरी फीडर	बागतराई से पॉवर हाउस, सरस्वती राईस मिल, हरिओम धान कुटाई, खंडेलवाल एग्रो, बालाजी राईस मिल समस्त एचटी उपभोक्ता।
15.04.2026 बुधवार	33 के.व्ही. गंगरेल फीडर	कलेक्ट्रेट से मैत्री विहार, वाटर फिल्टर।
16.04.2026 गुरुवार	33 के.व्ही. गंगरेल फीडर	मैत्री विहार से हरफतराई रोड, सिहावा रोड समस्त उच्च दाब उपभोक्ता।

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लि.धमतरी

विज्ञापन संख्या 01/2026

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद को भरा जाना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं), जो कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर - 11 एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) का 01 (एक) पद वेतन स्तर- 10 भरा जाना है। अधिक जानकारी अर्थात पात्रता मानदंड, योग्यता तथा निबंधन एवं शर्तों के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट www.kvsangathan.nic.in एवं रोजगार समाचार के दिनांक 04 अप्रैल, 2026 के संस्करण में देखें।

CBC- 21106/12/0001/2627 — अपर आयुक्त (प्रशासन)

कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)

क्रं./853/नि.आ.सू./लो.नि.वि./2026 — चिखलाकसा, दिनांक 08.04.2026

//ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है -

1. Bid Start Date - 08.04.2026 Time - 05:30 PM
2. Bid Due Date - 24.04.2026 Time - 05:30 PM
3. Physical submission - 27.04.2026 Time - 03:30 PM
4. Bid Open Date - 28.04.2026 Time - 03:30 PM

S. NO.	System Tender No.	Name of Work	Estimated Cost (In lacs)
1	188593	Construction of Boundary wall of office Building.	15.00
2	188594	Construction of First floor of office Building.	25.00

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

क्रं./49/ न.पा./ लो.नि.वि./ 2026 — बेमेतरा दिनांक 09.04.2026

// तृतीय ई-प्रोक्योरमेन्ट आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

टेंडर क्र.	कार्य का नाम	निविदा दर खोलने की तिथि	लागत राशि (लाख रू.)
188721	वार्ड क्र. 06 मोहभठ्ठा एवं वार्ड क्र. 13 सिंघौरी एवं वार्ड क्र. 21 करबी रोड बेमेतरा में एस.एल.आर.एम. / एम.आर.एफ. प्लांट निर्माण कार्य	23.04.2026	94.98

टीपः- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है एवं शाखा से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है. निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

शब्द पहेली - 6191

बाएं से दाएं
1.जाति,समाज,बंधुता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.नम्रता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे
1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली- 6190 का हल

प	व	न	कु	मा	र	■	म	क	ब	रा
ला	न	■	त	■	स	ली	का	■	स	त
य	■	प	र	वा	ना	■	न	न	■	दि
न	का	र	ना	■	■	क	■	म	हा	न
वा	■	ख	■	स	ह	ल	ज	■	ज	■
दी	वा	ना	प	न	■	प	र	व	री	श
■	जि	■	र	स	ले	ना	■	न	■	री
ग	ब	न	■	नी	■	■	अ	वा	न्त	र
ज	■	शा	न	■	आ	ब	नू	स	■	र
रा	ज	■	ज	टा	यु	■	रू	■	क	क्ष
ज	ल	च	र	■	ध	मौं	प	दे	श	क

सूडोकु नवताल - 6201

★★★ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल - 6200 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	1	3
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

कार चलाने वालों के लिए बड़ा अपडेट, 2027 से बदल जाएंगे प्रदूषण के नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अंदर पॉल्यूशन की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों ने निकलने वाला धुआं है। दिल्ली जैसे शहर में इसका असर भी साफ दिखाई देता है। जिसे लेकर दिल्ली सरकार द्वारा कई अलग-अलग तरह के प्रयोग भी किए जाते रहे हैं। हालांकि, अब सरकार प्रस्तावित भारत स्टेज सात (बीएस 7) मानकों के तहत व्हीकल से होने वाले प्रदूषण के दायरे को बढ़ाने की तैयारी में है।

- सरकार भारत स्टेज सात के तहत स्टेज सेवन मानकों को बढ़ाने तैयार

ये नए मानक काफी हद तक यूरो सात उत्सर्जन मानकों के अनुरूप हैं, फिर भी इन्हें भारत की ड्राइविंग और ईंधन की स्थितियों के हिसाब से ढाला जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2027 से कारों, बसों और ट्रकों को सख्त उत्सर्जन नियमों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों से निकलने वाला धुआं

बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन शक्ति पर होगा विचार

इसके अलावा, केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन-शक्ति की शर्तें अनिवार्य करने की संभावना पर विचार कर रही है। इस कदम का उद्देश्य देश में ईवी को तेजी से अपनाए जाने के बीच उनकी उम्र और प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। अधिकारियों में से एक ने कहा, 'नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल से होने वाले विशिष्ट उत्सर्जन जिन पर पहले ध्यान नहीं दिया जाता था, अब बीएस-7 के तहत और सख्त किया जाएगा। 'नए नियम 1 अप्रैल, 2027 से लागू किए जा सकते हैं।

ईवी बैटरी और सीएनजी पर भी होगा असर

सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को लेकर भी अब सख्त होने जा रही है। दरअसल, ईवी बैटरियों के लिए न्यूनतम परफॉर्मेंस और लाइफ से जुड़े मानक तय किए जा सकते हैं। इससे बैटरी की क्वालिटी और क्रेडिबिलिटी बढ़ेगी। इससे लोगों का ईवी पर भरोसा मजबूत होगा।

बीएस 7 में सीएनजी व नेचुरल गैस के वाहन शामिल

दूसरी तरफ, अब तक ज्यादातर नियम पेट्रोल और डीजल गाड़ियों पर केंद्रित थे, लेकिन बीएस 7 में सीएनजी और नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल पर भी सख्त कंट्रोल रखेंगे। इनसे निकलने वाले उत्सर्जन को भी अब गंभीरता से लिया जाएगा। कुल मिलाकर सभी तरह के व्हीकल के लिए ये नियम सख्ती से पेश आएंगे।

क्या है बीएस-7 इंजन?

बीएस-7 इंजन जिन गाड़ियों में इस्तेमाल किए जाएंगे वो नए और सख्त उत्सर्जन मानकों का पालन करेंगे। इनमें एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा, जो कम प्रदूषण करेगी और पर्यावरण के लिए बेहतर होंगी। इनमें खास तरह के इंजन और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए जाएंगे जो रियल-टाइम में प्रदूषण को कंट्रोल करने में मदद करेंगे। अभी शहरों में धुंध का एक बड़ा कारण अमोनिया उत्सर्जन भी है। नए नियमों में हल्के और भारी दोनों तरह के व्हीकल के लिए इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इससे हवा की क्वालिटी सुधारने में मदद मिल सकती है।

खबर संक्षेप

मर्सिडीज-बेंज की बिक्री में सात फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की कुल बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 5,131 इकाई रही। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी ने 4,775 वाहन बेचे थे। 2025-26 मर्सिडीज-बेंज इंडिया के लिए अब तक का सबसे शानदार साल रहा, जिसमें कंपनी ने रिकॉर्ड 19,363 गाड़ियां बेचीं।

अदाणी ग्रीन का यूएई की कंपनी के साथ करार

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी की अनुषंगी कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी मिडिल ईस्ट लिमिटेड (एजीईएल यूएई) ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए मिनर्वा होल्डिंग आरएससी के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मिनर्वा पूरी तरह से ईपॉइंटजीरो के स्वामित्व वाली कंपनी है।

एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख रहा

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता से बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी नुकसान में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 222 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की पर आ गया था। निफ्टी 222.25 अंक टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बाजार का माहौल बदला

विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने चिंता बढ़ाई

वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में रही बिकवाली

कच्चे तेल की कीमतें फिर से बढ़ गई

लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई।

युद्धविराम को लेकर कम भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, अमेरिकी-ईरान युद्धविराम को लेकर भरोसा कम होने के कारण निवेशकों ने सतर्क रूख अपनाया और घरेलू बाजारों में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया।

एलएंडटी में रहा नुकसान, पावरग्रिड लाभ में

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15 प्रतिशत के लाभ में रहा।

एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को उल्लेखनीय तेजी रही थी। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

देश में महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता

इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।'' उन्होंने कहा, '' घरेलू स्तर पर, मुनाफावसूली, 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने अल्पकालिक जोखिम लेने की प्रवृत्ति को कम कर दिया। पिछले सत्र की जोरदार तेजी के बाद वित्तीय क्षेत्र में गिरावट देखी गई। इसका कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली है।''

निवेशकों ने की मुनाफावसूली

पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.27 प्रतिशत बढ़कर 97.85 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 92.63 प्रति डॉलर : मुंबई। पश्चिम एशिया में बनी नाजुक स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों में सतर्कता बने रहने से बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 92.63 पर आ गया।

टीसीएस के शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- चौथी तिमाही में लाभ बढ़कर 13,714 करोड़ रुपए रहा

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 12.22 प्रतिशत बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी ने 12,224 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 1.35 प्रतिशत बढ़कर 49,210 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2024-25 में 48,553 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में हालांकि कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 23,460 घटकर 5.84 लाख रह गई। हालांकि, चौथी तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 2,356 की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान बदलते प्रौद्योगिकी परिदृश्य के कारण कंपनी ने 12,000 नौकरियां घटाने की प्रक्रिया शुरू की थी। 315 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र में टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजे घोषित करने वाली पहली कंपनी है।

प्रति शेयर 31 रुपए का लाभांश

कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है जिसके लिए वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी की ली जाएगी। कंपनी का शेयर बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स पर 1.09 प्रतिशत बढ़कर 2,587.75 रुपये पर बंद हुआ।

मुंबई में बैठे सर्जन ने मस्कट में मरीज़ की 'रेडिकल नेफरेक्टोमी' की

मुंबई। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर, जिसका इस वर्ष का संकल्प है- 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ अटूट', कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. टीबी. युवराजा ने मुंबई में बैठकर मस्कट (ओमान) के मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला की सफल रोबोटिक रेडिकल नेफरेक्टोमी (किडनी निकालने की जटिल सर्जरी) संपन्न की। अत्याधुनिक 'मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम' के जरिए अंजाम दी गई यह ऐतिहासिक प्रक्रिया भारत की पहली 'क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी' मानी जा रही है।

- कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल ने सीमापार रोबोटिक सर्जरी करके स्थापित किया नया कीर्तिमान

यह उपलब्धि उस भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम है, जहाँ भारतीय डॉक्टरों की विशेषज्ञता भौगोलिक सीमाओं को लांघकर दुनिया भर के मरीज़ों को वास्तव में जीवनदान दे सकेगी। अत्याधुनिक रोबोटिक प्रणालियों और निर्बाध 'रियल-टाइम' कनेक्टिविटी की मदद से, इस सर्जरी को असाधारण सटीकता और नियंत्रण के साथ पूरा किया गया। इस सफलता ने दुनिया के सामने 'क्रॉस-बॉर्डर रिमोट सर्जरी' की विश्वसनीयता और क्लिनिकल सक्षमता का लोहा मनवाया है। कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, भारत का अग्रणी 'सेंटर फॉर रोबोटिक सर्जरी' का केंद्र है और देश की पहली 'मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम' भी यहां है।

सीआईआई छत्तीसगढ़ ने 2026-27 के लिए 10-पॉइंट एजेंडा किया जारी

रायपुर। सीआईआई छत्तीसगढ़ ने वर्ष 2026-27 के लिए औद्योगिक विकास को गति देने और समावेशी वृद्धि को मजबूत करने हेतु 10-पॉइंट एजेंडा जारी किया है। राजधानी रायपुर के होटल हयात में आयोजित प्रेस मीट में यह जानकारी साझा की गई। मीडिया को संबोधित करते हुए सीआईआई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन बजरंग गोयल ने राज्य में उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता जताई। चेयरमैन ने बताया कि वाइस चेयरमैन आनंद सिंघानिया के सहयोग से संगठन राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रतिस्पर्धात्मकता, सस्टेनेबिलिटी और इक्क्लूसिव ग्रोथ के राष्ट्रीय एजेंडा पर कार्य करेगा। वहीं, स्टेट ऑफिस हेड श्वेता सोंगेन ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में मई 2026 में 'बस्तर कॉन्क्लेव' और अगस्त में 'इंडिया स्टील समिट 2026' का आयोजन शामिल है। सीआईआई का यह एजेंडा तीन प्रमुख स्तंभों - ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और स्किलिंग एवं इन्क्लूजन पर आधारित है।

इसके तहत पॉलिसी एडवोकेसी, अपूर्वल्स का डिजिटलाइजेशन, एमएसएमई और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा, इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर एवं क्लस्टर डेवलपमेंट, कनेक्टिविटी, जल प्रबंधन, सामाजिक बुनियादी ढांचा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और कमजोर वर्गों के उत्थान जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है।

रायपुर में आयुर्वेद का संदेश : डाबर पुदीन हरा ने पुदीना को बताया 'वंडर हर्ब'

रायपुर। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा. चंद्रमौली यादव ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टर-मार्केटिंग, श्रीराम पद्मनाभन ने कहा: "जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.म. की उत्तरदायी कंपनी)

क्र./ 051-5500/जनसंवाद /सिल./47 सिलतरा दिनांक 09.04.2026

आम सूचना

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं, आम जनता एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि:-
1). 33 के.व्ही. नया लाईन जो 132 के.व्ही. उपकेन्द्र मेटलपार्क से निकलकर शेरा होटल, मेटलपार्क चौंक, चाण्डक कोल्ड स्टोरेज होते हुए सोलांकी बाड़ी रावाभांठा एक ऊर्जीकृत कर पुरानी लाईन से जोड़कर ऊर्जीकृत की जावेगी, जो दिनांक 11.04.2026 को उसके बाद कभी-भी ऊर्जीकृत मानी जावें । जो गिरौध फिडर के नाम से जानी जावेंगी ।
2). 33 के.व्ही. नया लाईन जो 33 के. व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा से निकलकर मुरेठी चौक, सिलतरा, नेषनल हाईवे 06 के समानांतर, जी.के. टाउनषिप होते हुए 33 के.व्ही. जी.के. टाउनषिप तक ऊर्जीकृत की जावेगी, जो दिनांक 11.04.2026 को / उसके बाद कभी-भी ऊर्जीकृत मानी जावें । जो जी.के. टाउनषिप आऊटगोईन्ग के नाम से जानी जावेंगी ।

अतः समस्त ग्रामवासियों, आम जनता एवं उपभोक्ताओ से अनुरोध है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) विनियम, 2023 एवं 2010 तथा विद्युत अधिनियम 2003 की संगत धाराओं के अंतर्गत विनियम 62, 63 एवं 64 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार सुरक्षित अंतर / दूरी बनाए रखें एवं लाईन के नीचे या आस-पास कोई निर्माण कार्य अथवा खुदाई की मिट्टी, कृषि उत्पाद या ज्वलनषील समाग्री भण्डारित नहीं किया जावें। कृषि संबंधित कार्य (मिजाई-मिसाई, धान उड़ाई) आदि कार्य ना करें एवं अपने मवेषियों आदि को खम्भे स्टे सेट से न बांधे ।
उक्त नवीन विस्तारित 33 के.व्ही. लाईन को 11.04.2026 के बाद कभी-भी ऊर्जीकृत करने हेतु सूचना प्रकाशित किया जाना है ।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा

S-47460/1

कार्यालय कलेक्टर, रायपुर (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

// अधिसूचना //

(धारा-04, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013)

क्र./4042/भू-अर्जन/2025 रायपुर दिनांक 07/04/2026

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2023 की धारा 04 में सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आशयित है, अर्थात :-

भूमि का वर्णन					लोक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टे.में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायपुर	धरसींवा	सिलियारी प.ह.नं. 07	937/2	0.0120	सिलयारी - मांढर (सिलयारी गेट) लेवल क्रासिंग 405 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु ।
			928/1	0.0234	
योग				0.0354	

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु समाजिक सामाधात निर्धारण सहमति तथा जन सुनवाई दिनांक 17/04/26 को समय 11:30 बजे स्थान पटवारी कार्यालय सिलियारी में नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

01. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण :- सिलयारी- मांढर (सिलयारी गेट) लेवल क्रासिंग 405 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु ।
02. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या :- 02
03. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या :- निरंक
04. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या :- निरंक
05. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या :- निरंक
06. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है :- हॉ
07. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है :- हॉ
08. परियोजना की कुल लागत :- निरंक
09. परियोजना से होने वाला लाभ :- सुगम यातायात
